
The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### आरोपी ठेकेदारों ने 10 प्रतिशत के बजाए एक फीसदी जमा की थी धरोहर राशि, शासन के संज्ञान लेने पर हुई कार्रवाई

# धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने पर दो फर्म ब्लैक लिस्टेड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ई-टेंडरिंग की धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने पर दो और फर्मों पर शिकंजा कसा गया है। शासन के संज्ञान लेने के बाद अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता ने दोनों फर्मों का ब्लैक लिस्ट कर दिया है। इससे पहले भी फर्जीवाड़ा करने पर दो फर्मों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था।

लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड इन दिनों फर्जीवाड़ा को लेकर खासी चर्चाओं में है। ओवर एस्टीमेट, ई-टेंडरिंग में घपलेबाजी और दागी फर्मों के टेंडर करने को लेकर विभाग की खासी फजीहत हो रही है। पूर्व में विभागीय साठगांठ कर कुछ ठेकेदारों ने ई-टेंडर में धरोहर राशि जमा करने में फर्जीवाड़ा किया था। आरोपी ठेकेदारों ने 10 प्रतिशत के बजाए एक प्रतिशत ही धरोहर राशि जमा की। इसके बाद कूटरचित तरीके से एक को 10 प्रतिशत दर्शाकर प्रहरी पोर्टल पर अपलोड कर दिया। मगर किसी तरह मामला शासन स्तर तक पहुंच गया। इसका खुलासा होने पर अभियंताओं ने खेल करते हुए पहले तो फर्जीवाड़ा करने वाली एमआई कंट्रक्शन और जीशन कांट्रेक्टर को छह माह के लिए डिबार कर दिया। मगर जब मामले ने तूल पकड़ा तो खुद की गर्दन बचाने के लिए दोनों फर्मों को ब्लैक लिस्ट कर दिया।




- **ई-टेंडरिंग में खेल करने पर दो फर्मों को पहले किया जा चुका है ब्लैक लिस्ट**

> धरोहर राशि फर्जीवाड़ा करने के मामले में आरएस इंटरप्राइजेज समेत दो फर्मों को ब्लैक लिस्ट किया गया है। यह कार्रवाई मंडल स्तर से की गई है।
> – **शशांक भार्गव**, प्रभारी अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड

सूत्रों के अनुसार उसी दौरान धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने वाली अन्य दो फर्मों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मगर जिम्मेदार कार्रवाई न करके मामले को दबाने में जुटे रहे। इधर, मुख्य सचिव एसपी गोयल ने धरोहर राशि के फर्जीवाड़ा मामले में रिपोर्ट मांगी। इस पर जिम्मेदारों ने खुद को बचाने के लिए दो अन्य फर्मों को भी आनन फानन में ब्लैक लिस्ट कर दिया। अधीक्षण अभियंता पीलीभीत/ बदायूं क्षेत्र बरेली ने धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने पर आरएस इंटर प्राइजेज और मुख्य अभियंता ने अय्यूब कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट का दिया है।

# बिगड़ा मौसम.. बारिश और तेज हवा ने बढ़ाई किसानों की टेंशन

### अभी दो दिन मौसम खराब रहने का अनुमान, जिले के कई इलाकों में गेहूं व सरसों की फसल गिरने से हो सकता है नुकसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से मंडरा रहे बादल शुक्रवार देर रात बरस पड़े। रिमझिम बारिश का सिलसिला शनिवार देर शाम तक रुक-रुककर जारी रहा। दिन में करीब दो घंटे तेज बारिश हुई। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से कई इलाकों में गेहूं की फसल गिर गई, जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है। बारिश से शहर में कई जगह जलभराव हो गया। माधोटांडा-पूरनपुर मार्ग पर पेड़ गिरने से रोड जाम हो गया। इधर, मौसम वैज्ञानिकों ने दो दिन बारिश होने के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इससे किसानों की टेंशन और बढ़ गई है।

पिछले कई दिनों से मौसम गर्म होने के साथ आसमान में बादल आ जा रहे थे। शुक्रवार देर शाम से मौसम का मिजाज बिगड़ गया। देर रात तेज हवा के साथ बारिश शुरु हो गई। दूसरे दिन शनिवार शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री व न्यूनतम 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बेमौसम बारिश होने के साथ तेज हवा चलने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हो सकता है। बीसलपुर, बिलसंडा, पूरनपुर और अमरिया क्षेत्र में कई स्थानों पर गेंहू के साथ सरसों की फसल खेतों बिछ गई। जिससे फसलों को नुकसान हो सका है।

किसानों का कहना है कि बीते कई सालों से कुदरत की मार झेलना पड़ रही है। धान की फसल के दौरान बारिश होने से नुकसान झेलना पड़ा था। इस बार अगर बारिश नहीं थमी तो गेहूं के साथ-साथ भूसे के लाले पड़ जाएंगे। उधर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका का कहना है कि अभी तक जिले में आठ मिमी बारिश हुई है। अगर इसी तरह बारिश और हुई व तेज हवा चली तो फसलों को बहुत नुकसान होगा। फिलहाल अभी तक नुकसान होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन दो दिन बारिश और होने की संभावना है। ओलावृष्टि भी हो सकती है।

**माधोटांडा।** बारिश व तेज हवा चलने के बाद माधोटांडा पूरनपुर मार्ग पर एक पेड़ गिरने से जाम लग गया। ग्रामीणों ने पेड़ काटकर रास्ता साफ किया।


शहर की मधुवन कॉलोनी के बाहर सड़क पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार


शनिवार को बारिश के दौरान ई-रिक्शा में पॉलिथीन ओढ़कर स्कूल जाते बच्चे ।

### जलभराव से परेशान रहे लोग

शनिवार को हुई बारिश की वजह से टनकपुर हाईवे पर अशोक कॉलोनी गेट के पास एक निजी अस्पताल के बाहर पानी भर गया। जहां मरीजों के तीमारदारों के अलावा पड़ोस में बने स्कूल के बच्चों को आने जाने में दिक्कत हुई। वहीं, मधुवन कॉलोनी, गन्ना तिराहा, नगरपालिका के पास, राजाबाग कॉलोनी, नई बस्ती समेत कई अन्य निचले मोहल्लों में जलभराव की समस्या बनी रही। जहां लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद पानी का निकास हो गया। ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण हल्की सी बारिश होने पर जलभराव की समस्या बन जाती है। कीचड़ फैलने की वजह से सब्जी मंडी समेत स्टेशन जाने वाली सड़क पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश की वजह से बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

### बीसलपुर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र में गेंहू की फसल गिरी

**पूरनपुर/बीसलपुर, अमृत विचार :** बेमौसम बारिश से बीसलपुर और पूरनपुर के कई इलाकों में खेतों में तैयार खड़ी सरसों, गेहूं और आलू की फसल को नुकसान पहुंचा। वर्तमान में खेतों में गेहूं की फूली हुई फसल खड़ी है। किसान पकने से पहले गेहूं की आखिरी सिंचाई करने में जुटे हुए थे। शनिवार सुबह अचानक रिमझिम बरसात शुरू हो गई जो कि दोपहर तक होती रही। घंटों हुई बरसात से गेहूं के खेतों में पानी भर गया। उसके बाद चली तेज हवा से फसल खेतों में गिर गई। जिनके खेतों की सिंचाई हो चुकी थी उनमें अधिक नुकसान हुआ है। साथ ही सरसों की फली को भी नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा आलू की फसल में भी पानी भर गया। जिससे उसके खराब होने की आशंका बनी हुई है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि फसल खेतों में गिरने से गेहूं के दाने का पर्याप्त विकास नहीं पाएगा। इससे उत्पादन दर प्रभावित होगी। उन्होंने फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### बारिश के दौरान गुल हो गई कई इलाकों की बिजली

बारिश के दौरान बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। नकटादाना सब स्टेशन, टनकपुर हाईवे पर निरंजन कुंज कॉलोनी, बनकटी रोड, गांधी स्टेडियम रोड पर कई जगह फाल्ट हो गए। इसके बाद टीमें फाल्ट ठीक करने में जुटी रहीं। बारिश की वजह से पहले काम बाधित रहा। इसके बाद सुधार के बाद कई बार सप्लाई चालू करने पर दोबारा फाल्ट हो गए। जिसकी वजह से लाल रोड, मुख्य बाजार, मोहल्ला आसफजान, ईदगाह रोड, एकता नगर, नई बस्ती, साहूकारा, गोपाल सिंह, अशोक कॉलोनी समेत शहर के विभिन्न इलाकों में दिन भर बिजली की सप्लाई बाधित रही। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि बारिश के चलते सप्लाई बाधित रही थी। सभी जगह सुधार करा दिया है।


माधोटांडा-पूरनपुर रोड पर बारिश में गिरा पेड़ काटकर हटाते ग्रामीण। ● अमृत विचार


बारिश के साथ तेज हवा चलने से खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

# समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मानित

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** स्वर्ण जयंती समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने अपने अनुभव को भी साझा किया।

तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार को स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल रहे। 50 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनंदन किया गया।मुख्य अतिथि ने कहा कि अधिवक्ता समाज का दर्पण हैं। पीड़ित व बेसहारा लोगों को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। हम सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने पालिका प्रशासन की ओर से तहसील में अधिवक्ताओं के लिए दो एसी लगवाने व शौचालय का निर्माण कराने की घोषणा की।

कार्यक्रम में 50 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल सेठजी व वीरेंद्र स्वरूप सक्सेना का नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने कहा कि एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सीनियर अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन लेकर समाज हित में कार्य करना है। इस मौके पर महासचिव राजाराम माथुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना, ओमपाल शर्मा, संतोषवर्मा, निर्भय सक्सेना, योगेश चंद शर्मा, जगपाल वर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा, वीरपाल आदि मौजूद रहे।


वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनंदन करते मुख्य अतिथि अमन जायसवाल।

# अंग्रेजी में 753 परीक्षार्थी गैरहाजिर चार छात्राओं ने दी संगीत की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **यूपी बोर्ड परीक्षा:दोनों पालियों में हुआ पेपर, सचल दलों को छापे में नहीं मिला कोई नकलची**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में शनिवार को दोनों पालियों में इंटरमीडिएट का पेपर कराया गया। जबकि हाईस्कूल का कोई भी पेपर नहीं रहा। पहली पाली में संगीत और दूसरी में अंग्रेजी का पेपर हुआ। 753 परीक्षार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा छोड़ दी।

पहली पाली में संगीत का पेपर दो परीक्षा केंद्रों पर हुआ। इनमें निशा गर्ल्स इंटर कॉलेज बीसलपुर, जीजीआईसी इंटर कॉलेज बिलसंडा शामिल हैं। संगीत के पेपर में सिर्फ चार छात्राएं पंजीकृत थी। चारों उपस्थित रहीं।

दोपहर को दो बजे से इंटरमीडिएट में ही अंग्रेजी का पेपर हुआ। 76 परीक्षा केंद्रों पर कराई गई परीक्षा में शामिल होने के लिए एक बजे से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के बाहर जमा होने लगे। चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश दिया गया। अंग्रेजी के पेपर में कुल 17601 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इनमें 9901 बालक और 7700 बालिकाएं शामिल रही। मगर परीक्षा देने के लिए 9399 बालक और 7449 बालिकाओं ही केंद्र पर पहुंचे। जबकि 502 बालक और 251 बालिका गैरहाजिर रही। परीक्षा के दौरान डीआईओएस गिरजेश कुमार समेत सचल दलों ने शहर के परीक्षा केंद्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सचल दल ने परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग भी की। कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी कर रहे शिक्षकों के पास मोबाइल आदि को भी चेक किया। हालांकि कोई नकलची नहीं पकड़ा गया।

## सार-संक्षेप

### चुनाव से पहले आम लोगों से सुझाव लेगी भाजपा



**पीलीभीत।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा जनता से भी सुझाव लेगी। प्रत्येक विधानसभा और पार्टी कार्यालय पर एक-एक सुझाव पेटिका रहेगी, जिसमें लोग पर्ची पर लिखकर अपने सुझाव दे सकेंगे। इसे भाजपा हाईकमान अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कर सकता है। इसके लिए 15 दिवसीय अभियान शुरू कर दिया गया है। इसे विकसित भारत संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। भाजपा कार्यालय पर शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान जिला प्रभारी गुलशन आनंद, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, लोकसभा प्रभारी दीपक अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प सुझाव पेटियों के बारे में जानकारी दी। जिला प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव चलो ..समेत कई अभियान चलाए जा चुके हैं। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं में एक-एक सुझाव पेटी वाहन पर रखकर घुमाई जाएगी। इसमें आम नागरिक अपने सुझाव दे सकेंगे। इन सुझावों को पढ़कर आगामी चुनाव को देखते हुए हाईकमान तक भेजा जाएगा। अगर कोई खास बिंदु निकलकर आते हैं तो उन्हें घोषणा पत्र में शामिल करने पर विचार होगा। ये भी बताया कि जिला स्तरीय चुनाव कार्यालय पूर्व में ही खोला जा चुका है। अब विधानसभा स्तरीय कार्यालय भी जल्द खुलेंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई गई।

### चुनाव की तैयारी में तन-मन से जुट जाएं कार्यकर्ता



**बीसलपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल के अतिथि गृह में शनिवार को भाजपा की बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। बूथ व सेक्टर स्तर पर पार्टी की स्थिति मजबूत बनाने की रणनीति तय की गई। मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी मुनीष मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टीहाई कमान द्वारा जिसे भी प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। उसे पूरी ताकत से जिताएं। गांव में जाकर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दें। विधानसभा संयोजक आयुष मिश्रा , महीप सिंह चंदेल, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, पीके वर्मा, राकेश अवस्थी, हरिराम कृष्ण गुप्ता रहे।

### 40 बसों से 2200 रामभक्त अयोध्या भेजे

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से हाईकमान की तय रणनीति के तहत शनिवार को 40 बसों से 2200 रामभक्त अयोध्या धाम के लिए रवाना किए गए। उनके साथ पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान भी गए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सभी के रहने, खान पान की व्यवस्था भी की गई हैं। आगे भी इसी तरह से रामलला के दर्शन कराने के लिए जनपद वासियों को भेजा जाएगा। शनिवार रात अयोध्या में सभी विश्राम करेंगे। दूसरे दिन रविवार को उनकी वापसी होगी।

# ठेकों को लेकर घमासान, दूसरे दिन दफ्तर नहीं पहुंचे एकाउंटेंट

संवाददाता, पूरनपुर

- **ब्लॉक प्रमुख पद के दावेदार पर एकाउंटेंट ने लगाए आरोप, अधिकारियों को लिखित शिकायत मिलने का इंतजार**
- **दोनों पक्षों के बीच समझौते की चल रही कोशिश, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति बोले- कल ही निपट गया था मामला**

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों का ठेका पाने को लेकर ठेकेदार व कुछ स्थानीय नेताओं के बीच खींचतान मची है। टेंडर पाने के लिए ठेकेदार फिल्मी स्टाइल में डराने-धमकाने के साथ दबाव बना रहे हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति और उप-चुनाव के प्रबल दावेदार अतेंद्र पाल सिंह टेंडर पाने के लिए दबाव बनाने के गंभीर आरोपों में घिर गए हैं।

18 फरवरी को ब्लॉक से क्षेत्र पंचायत के 49 कार्यों का टेंडर जारी हुआ था। इसमें नाली-खड़ंजा, इंटरलॉकिंग समेत अन्य कार्य किए जाने हैं। करीब 3.50 करोड़ रुपये से गांवों में विकास कार्य होने हैं। इन टेंडर के फॉर्म 29 फरवरी तक बिक्री हुए। चार मार्च को इनका खुलना प्रस्तावित था। इस बीच शुक्रवार को ब्लॉक के एकाउंटेंट नितिन कुमार ने अतेंद्र पाल सिंह पर टेंडर के लिए दबाव बनाने और कथित रूप से अगवा करने के प्रयास का आरोप लगा दिया। उनका आरोप है कि माधोटांडा मार्ग पर जमुनिया के पास अतेंद्र पाल सिंह ने अपने साथियों के साथ उन्हें जबरन गाड़ी में बिठाने का प्रयास किया था। हालांकि अतेंद्र पाल सिंह ने अकाउंटेंट के आरोपों को सिरे से खारिज किया। बीडीओ अरुण कुमार सिंह अकाउंटेंट नितिन कुमार को लेकर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला के पास गए और इस मामले में एफआईआर दर्ज को कहा था। वहीं, शनिवार को भी ये घटनाक्रम तहसील से लेकर ब्लॉक तक चर्चा का विषय बना रहा। विवाद से घबराए एकाउंटेंट शनिवार को ऑफिस नहीं पहुंचे। फिलहाल इस मामले में एकाउंटेंट की तरफ से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। बीडीओ और एसडीएम ने कहा कि एकाउंटेंट शिकायत करते हैं तो उसके आधार पर कार्रवाइ्र की जाएगी। शनिवार को दोनों पक्षों में सुलह की बातें सामने आईं। हालांकि एक-दो अधिकारियों के तेवर तल्ख दिखे। वे कर्मचारी के साथ अभद्रता-कागज फाड़ने के मामले पर किसी भी सूरत में समझौते के पक्ष में नहीं थे। चुनाव से पहले ये मुद्दा तूल पकड़ता तो फजीहत सबकी होती। इसलिए रात से ही इसे सुलझाने का दौर शुरू हुआ।

> एकाउंटेंट को बुलाकर पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली गई। अभी तक उनकी तरफ से कुछ लिखित में नहीं दिया गया है। मामले को देखा जा रहा है।
> – **राजेश कुमार शुक्ला**, एसडीएम पूरनपुर

### शुक्रवार देर रात ब्लॉक गेट पर होता रहा हंगामा

एसडीएम के यहां से जाने के बाद शुक्रवार की रात में ब्लॉक में भी फिर हंगामा हुआ। कुछ ठेकेदारों ने ब्लॉक गेट पर गाड़ी लगा दी। एक सचिव एकाउंटेंट को अपनी कार में बैठाकर ले गए। रात तक इसको लेकर हंगामा होता रहा। विवाद तूल पकड़ने के बाद मामला जनप्रतिनिधियों तक जा पहुंचा और रात से ही घटनाक्रम को ठंडा करने की कोशिशें शुरू हो गईं।

> एकाउंटेंट काफी घबराए हुए हैं। उन पर टेंडर को लेकर दबाव बनाया गया था। उनकी तरफ से अभी कुछ लिखित में नहीं दिया गया है। लिखित में देते हैं तो उसके आधार पर कार्रवाइ की जाएगी।
> – **अरुण कुमार सिंह**, खंड विकास अधिकारी पूरनपुर

> एकाउंटेंट से हमारा कोई विवाद नहीं है। वो मामला कल ही सुलझ गया था। एसडीएम ने कहा था कि टेंडर निरस्त होंगे। एकाउंटेंट से मुझे भी कोई शिकायत नहीं की है। वह मुझसे मिले भी हैं। टेंडर फेयर खुलने चाहिए। हमारी यही मांग है।
> – **अतेंद्र पाल सिंह**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति

## एक नजर

### आधार कार्ड बनवाने गई युवती लापता, रिपोर्ट

**बीसलपुर।** करेली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को वह अपनी पुत्री के साथ आधार कार्ड बनवाने बीसलपुर आई थी। घर लौटते समय वह दोपहर करीब दो बजे तहसील के पास एक चूड़ी की दुकान पर बैठ गईं। उसकी पुत्री समोसा लेने को कहकर वहां से चली गई। काफी देर तक वह नहीं आई तो उसकी तलाश की गई। मगर कुछ पता नहीं चल सका। महिला ने बताया कि बीते साल हरदोई जनपद के ग्राम खटुई निवासी लल्ला पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया था। उसी पर दोबारा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का जताया आभार

**मझोला।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए तथा टनकपुर से देहरादून ट्रेन संचालन की मंजूरी कराने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने एक बड़ी नज़ीर पेश की है। व्यापारी हित को लेकर किए जा रहे कार्यों पर भी आभार जताया।

# शहर में नौ करोड़ रुपये खर्च कर बनेंगे 25 नाले

## पांच नालों की टेंडर प्रक्रिया पूरी, दो दिन में शुरू हो जाएगा निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अन्य 20 नालों के टेंडर भी अपलोड, मानसून आने से पहले कराया जाएगा काम

**अमृत विचार :** शहर में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए अब नगर पालिका ने कमर कस ली है। शहर में नौ करोड़ रुपये की लागत से 25 नालों का निर्माण कराया जाएगा। इनमें पांच नालों के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। दो दिन के भीतर नालों का निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। ये निर्माण कार्य राज्य वित्त और 15वें वित्त आयोग से मिलने वाले बजट से कराए जाएंगे। शहर में सीसी रोड और अन्य कार्यों की भी कार्ययोजना बनाई गई है। नगरपालिका प्रशासन का दावा है कि आने वाले मानसून में शहरवासियों को जलभराव की समस्या नहीं झेलना पड़ेगी।

शहर में हर साल नाला सफाई पर लाखों रुपये का बजट खपाया जाता है। मगर इसके बाद भीहल्की बारिश में ही शहर की सड़कें झील में तब्दील हो जाती है। चाहे फिर वह हाईवे की हो या फिर गली मोहल्ले की। हर तरफ सिर्फ पानी ही पानी दिखाई देता है। इस बार नगरपालिका मानसून आने से पहले ही शहर में ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने के लिए कार्ययोजना बनाते हुए धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। नगरपालिका की ओर से वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही नगरपालिका की ओर से शहर में 25 नए नालों का निर्माण कराएगी। यह नाले उन स्थानों पर बनाए जा रहे हैं। जहां जल निकासी की समस्या बनी रहती है। इन नालों का निर्माण करीब नौ करोड़ की लागत से कराया जाएगा। जिसकी कार्ययोजना बना ली गई है। इन 25 नालों में से पांच नालों के टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिनका निर्माण रविवार या सोमवार से शुरु करा दिया जाएगा। जिनमें शहर के भुर्जियों वाली पुलिया से रामा गार्डन की ओर नाला दीवार निर्माण, नखासा में विशाल टॉकीज से पूर्व विधायक सोनू लाल के मकान तक नाला निर्माण, भुर्जी वाली पुलिया से सार्वजनिक शौचालय तक नाला सुरक्षा दीवार का निर्माण, मौर्य मेडिकल छतरी चौराहा से तुलाराम कल नर्सरी की ओर नाला निर्माण और डिग्री कॉलेज से शिव मंदिर की ओर आरसीसी नाला निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिनका टेंडर हो चुका है। यह नाले करीब एक करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि पांच नालों का निर्माण शुरु कराया जा रहा है। अन्य नालों के टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर निर्माण शुरु कराया जाएगा। यह सभी कार्य 15 वें वित्त और राज्य वित्त आयोग से कराया जा रहा है। नालों का निर्माण होने से शहरवासियो को जलभराव से निजात मिलेगी।

### ये नाले प्रस्तावित

- पीसीएफ गोदाम से आईटीआई पुलिया तक।
- वीरेंद्र मौर्य के मकान से टनकपुर रोड तक।
- एसएसबी ऑफिस से मुख्य नाले तक।
- बाढ़ खंड ऑफिस से आवास विकास चौराहा से एलआईसी ऑफिस की ओर।
- डिग्री कॉलेज चौराहा से नौगवां चौराहा तक।
- आरसीसी नाला निर्माण पुराने सीवर पंप से इनकम टैक्स कार्यालय की ओर नाला निर्माण।
- नेहरू पार्क के कोने से जल निगम कार्यालय के कोने तक।
- आर्यन डिजिटल शॉप से ज्वाला देवी मंदिर की ओर।
- शिव शक्ति लान से टनकपुर रोड की ओर।
- सहकारी समिति से कांग्रेस कार्यालय तक।
- साईं धाम मंदिर से पंप हाउस होते हुए सिंचाई विभाग कार्यालय तक।
- आरएन कलर लैब से सत्यम डायग्नोस्टिक तक।
- विशाल मेगा मार्ट से उपाधि कॉलेज की ओर।
- सतीश नर्सिंग होम से डिग्री कॉलेज की ओर।
- ई टॉयलेट से अंकित स्टोर तक।
- नौगवां चौराहा से गंदा नाला पुलिया तक।
- जगनलाल के मकान से खकरा नदी की ओर।
- बनवारी लाल गुप्ता के मकान से नई बस्ती चौराहा तक नाला कवर्ड करने का कार्य।
- गीता कॉलोनी से रामकुमार गंगवार से शिव मंदिर होते हुए बनकटी चौकी तक।
- आवास विकास पेट्रोल पंप से सरफराज फातिमा के मकान तक आरसीसी नाला निर्माण।

## सार-संक्षेप

### क्रय केंद्र प्रभारी समय से नहीं पहुंचे तो रुकेगा वेतन



**पीलीभीत।** डीएम संजय कुमार सिंह ने शनिवार को गेहूं खरीद को लेकर बैठक की। बैठक में डीएम ने सभी केंद्र प्रभारियों को सुबह नौ बजे ई-पॉप मशीन पर हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए। अनुपस्थित मिलने पर वेतन रोकने की चेतावनी दी। बैठक में डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला ने बताया कि जनपद में गेहूं खरीद को लेकर छह क्रय एजेंसियों के 145 क्रय केंद्र खोले गए हैं। अब तक 4700 किसान पंजीकरण करा चुके हैं। क्रय केंद्रों पर कांटा बांट का सत्यापन हो चुका है। सहायक आयुक्त सहकारिता प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी क्रय केंद्र सरकारी भवनों में खोले गए हैं। मंडी सचिव ने बताया कि यदि किसी भी क्रय केंद्र पर कोई उपकरण खराब होता है तो उसे 24 घंटे में दुरुस्त कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। केंद्र प्रभारी निर्धारित समय पर पहुंचे। अनुपस्थित मिलने पर वेतन रोक दिया जाएगा। किसी भी दशा में बिचौलियों का क्रय केंद्रों में प्रवेश नहीं होना चाहिए। यदि कहीं ऐसा मामला पाया जाता है तो केंद्र प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के साथ मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा। मंडी में क्रय केंद्रों पर रोज गेहूं की नीलामी कराई जाए। यदि किसी किसान का गेहूं रिजेक्ट किया जाता है तो रिजेक्शन से पूर्व किसानों के गेहूं का सैंपल सील किया जाए और जिसका कारण रजिस्टर में दर्ज करें।

### साढ़े आठ लाख से बने अन्नपूर्णा गोदाम का लोकार्पण



**बरखेड़ा।** ग्राम पंचायत लखनऊ कलां में मनरेगा से करीब साढ़े आठ लाख रुपये की लागत से बनवाए गए अन्नपूर्णा गोदाम (मॉडल उचित दर दुकान) का शनिवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूरे प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं बताई। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता उर्फ पप्पन, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मोहम्मद अनवर मलिक, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता लाल सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज कुमार शर्मा, आपूर्ति लिपिक प्रवीन चौबे, ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार गंगवार आदि रहे।

### कार्यशाला में प्रबंध समिति की जिम्मेदारियां बताई

**बरखेड़ा।** बीआरसी पर समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव व ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला की शुरुआत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार व बीईओ बीसलपुर नीरज शुक्ला ने कराई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार ने शिक्षा विभाग को हर संभव मदद कराने का भरोसा दिलाया। ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों को समन्वय स्थापित करके निपुण भारत मिशन को सफल बनाने की बात कही। बीईओ नीरज शुक्ला ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी को अवगत कराना है। संचालन दियोराजपुर के प्रधानाध्यापक मोहनलाल ने किया।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े किए वाहनों से लगा जाम



**पूरनपुर।** स्टेशन रोड पर दुकानों के बाहर अतिक्रमण और उसके बाद सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों ने एक बार फिर जाम लगा दिया। शनिवार को पहले से बेतरतीब पार्किंग के बाद कार सड़क पर खड़ी कर दी गई तो जाम लग गया। जाम की वजह से राहगीर परेशान हुए। कस्बे में आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। स्टेशन रोड, मेन मार्केट और कोतवाली रोड पर लगभग रोज ही राहगीर जाम से जूझते हैं। शनिवार को बरसात के बीच स्टेशन रोड पर स्टेट बैंक के सामने सड़क पर दो कार खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी रही। राहगीरों के कहने पर भी सड़क पर खड़ी गाडियां नहीं हटाई गईं। इससे स्टेशन रोड से चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान वाहन चालकों में झड़प भी हुई।

### नाली-सड़क निर्माण से बदल रही घुंघचिहाई की सूरत

**घुंघचिहाई।** नाली खड़ंजे, जर्जर सड़कों के सुधार के साथ ही घुंघचिहाई ग्राम पंचायत की सूरत बदलती नजर आ रही है। पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुंघचिहाई की प्रधान मोहन स्वरूप पासवान की पुत्रवधू सीमा देवी हैं। उन्होंने गांव के पात्रों को शौचालय प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए। गांव में सड़कें, नाली और खड़ंजा ठीक कराए गए। प्रधान सीमा देवी के मुताबिक अब तक सौ सरकारी नलों का रिबोर कराया जा चुका है। चार सीसी मार्ग और एक दर्जन से अधिक खड़ंजा युक्त मार्गों पर इंटरलॉकिंग कराई गई है। खंडहर बन चुके सचिवालय का भी कायाकल्प किया गया। श्मशान घाट पर दो कमरों का निर्माण कराने के साथ टिनशेड डलवाया गया है। घुंघचिहाई करीब 25 ग्राम पंचायतों का केंद्र बिंदु मानी जाती है। यहां मॉडल थाना बनकर तैयार हो चुका है।

### डीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना, नारेबाजी

**पीलीभीत।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस की अगुवाई में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उनका कहना था कि प्रदेश में जंगल राज व्याप्त है। कानपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना हो या फिर रामपुर में दसवीं की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र सुमेश की हत्या का मामला। इस मौके पर ज्ञानेंद्र गौतम एडवोकेट, इश्तियाक अहमद अंसारी, सिद्दीक अहमद उस्मानी, नीलम सिंह, मोहम्मद नोमान,मोहम्मद रिजवान आदि मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती की, बरेली बुलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, पीलीभीत/ बीसलपुर

- आरोपियों ने अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की दी धमकी
- सीओ के आदेश पर बरेली के तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बरेली के एक युवक ने बिलसंडा क्षेत्र की किशोरी से पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। फिर बरेली बुलाकर शादी करने का झांसा दिया दो दोस्तों से मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपियों ने पीड़िता के जेवर व नकदी भी हड़प ली। सीओ के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बिलसंडा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। इंस्टाग्राम पर बरेली के होली चौराहा निवासी वासु देवजल उर्फ शगुन से उसकी दोस्ती हुई थी। फिर दोनों एक-दूसरे से फोन पर बातचीत करने लगे। 31 दिसंबर 2023 को कॉल करके उसे बरेली में सेटेलाइट बस अड्डे के पास बुलाया। पीड़िता अपनी मां की 10 ग्राम की सोने की चेन, दो अंगूठी, कुंडल और 18 हजार रुपये लेकर परिवार को बिना बताए बरेली चली गई। वहां पर वासुदेवल के साथ उसका दोस्त अुर्जुन व एक अन्य व्यक्ति मिले। तीनों युवक उसे खाटू श्याम मंदिर के पास किराए के कमरे में ले गए। वासुदेवल ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके समेत तीनों ने दुष्कर्म किया। आरोप है कि अश्लील वीडियो भी बना ली। फिर धमकी दी गई कि अगर किसी से शिकायत की गई तो वीडियो वायरल कर दी जाएगी। फिर उसे वापस सेटेलाइट बस अड्डे के पास छोड़कर चले गए। किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता की इंस्टाग्राम आईडी भी हैक कर ली। इस आईडी से गलत मैसेज कर बदनाम किया जा रहा है। पीड़िता ने थाना बिलसंडा में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने उसे टाल दिया गया। सीओ के निर्देश पर वासु देवल उर्फ शगुन, अर्जुन व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

> इस मामले में दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना शुरू कर दी गई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर बयान कराया जाएगा। साक्ष्य के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> –विशाल चौधरी, सीओ बीसलपुरप

# छुट्टा पशु से बाइक टकराई, मिल कर्मचारी की जान गई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मृतक प्रमोद कुमार।

- ड्यूटी के बाद फैक्ट्री से घर लौटते समय सितारगंज हाईवे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** छुट्टा पशु से बाइक टकराने पर सितारगंज चीनी मिल के एक कर्मचारी की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वह ड्यूटी करने के बाद फैक्ट्री से अपने घर जा रहे थे।

बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद निवासी प्रमोद कुमार (29) उत्तराखंड की सितारगंज चीनी मिल में कर्मचारी थे। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी करने चीनी मिल गए थे। वहां से रात में करीब 10 बजे बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। सितारगंज हाईवे पर अमरिया थाना क्षेत्र में मिलक पट्टी गांव के पास उनकी बाइक सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश से टकरा गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवा दिया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह ने बताया कि पशु से बाइक टकराने पर हादसा हुआ था। शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### तीन माह पहले ही हुआ था बेटी का जन्म

प्रमोद कुमार की मौत से उनकी कच्ची गृहस्थी बिखर गई है। उनका बेटा प्रतुल मात्र तीन साल का है। बेटी केवल तीन माह की है। वह सितारगंज में किराए के कमरे में रहते थे। मगर बेटी होने के बाद वह घर से आने जाने लगे।

### कई लोगों की जान ले चुके हैं छुट्टा पशु

सड़कों पर घूमने वाले छुट्टा पशु कई लोगों की जान ले चुके हैं। पिछले साल ग्राम ज्योराह कल्याणपुर निवासी हेमराज, ग्राम खपरैल गौटिया के कन्हैयालाल, ग्राम बिहारीपुर के लाखन लाल, ग्राम बसई पुरैना के पांच वर्षीय बालक छोटू, ग्राम अरसिया बोझ के टीकाराम, ग्राम मनिकापुर के सुम्मेरलाल, ग्राम कुरैया फूटाकलां के हरिराम, माला कॉलोनी निवासी लल्लन, ग्राम बरगदा के हीरालाल, ग्राम सिसइया के अयोध्या प्रसाद आदि की भी मौत हो गई थी।

### छुट्टा पशु पकड़ने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**पीलीभीत :** अमृत विचार : अमरिया क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़ने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आरोप प्रधान, रोजगार सेवक एवं कोटेदार पर लगाया गया है। मामले की शिकायत डीएम से की गई है। यह मामला अमरिया तहसील क्षेत्र के गांव जंगरौली आशा का है। डीएम कार्यालय में दिए गए शिकायती पत्र में यहां की कमला देवी ने कहा कि प्रधान व रोजगार सेवक छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए डीएम का आदेश जारी होना बता रहे हैं। आरोप है कि ये लोग पशुओं को पकड़ने के नाम पर 100 से 500 रुपये तक वसूल रहे हैं। यहां के अलावा भिखारीपुर, सिमरिया, टंडोला आदि गांवों के किसानों से भी अवैध वसूली की जा रही है। उनका आरोप है कि जो किसान पैसे नहीं देते हैं उनको खेत पर काम करने से रोका जा रहा है। कहा कि उससे भी रुपये की डिमांड की गई। उसने रुपये नहीं दिए तो उसे सिंचाई नहीं करने दी गई। इस मामले में एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले की जांच कराई जाएगी।

### विमलेश बने एमएसएमई पीसीआई के अध्यक्ष

**पूरनपुर।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम की प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया ने विमलेश कुमार को जिला पीलीभीत का चेयरमैन नियुक्त किया है। ये इकाई छोटे और मझोले कारोबारियों के प्रमोशन और सहूलियत के लिए काम करती है। विमलेश ने कहा कि स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में वह प्रयास करेंगे।

# महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)



घटना स्थल पर छानबीन करती बरखेड़ा पुलिस। ● अमृत विचार

- पति के ड्यूटी से लौटने पर हुई घटना की जानकारी, कारण स्पष्ट नहीं
- सूचना मिलने पर पुलिस व फील्ड यूनिट ने किया मौका मुआयना

**अमृत विचार:** बजाज एनर्जी प्लांट के टेक्निकल इलेक्ट्रिशियन की पत्नी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। इलेक्ट्रिशियन को इसकी जानकारी तब हुई जब वह ड्यूटी करने के बाद घर पहुंचे। इसकी सूचना देने पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट ने छानबीन कर कुछ सबूत जुटाए। मृतका के मायके वालों को घटना की जानकारी दे दी गई है।



मृतक सुशीला मौर्य।

जनपद जौनपुर के थाना शाहगंज क्षेत्र के ग्राम पट्टी चकेश्वर निवासी मनोज कुमार मौर्य बजाज एनर्जी प्लांट में टेक्निकल इलेक्ट्रिशियन हैं। वह कंपनी की आवासीय कॉलोनी में चौथी मंजिल पर बने कमरा नंबर 46 में पत्नी सुशीला मौर्य (35), बेटी सोनम (10) और बेटा आदर्श (8) के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात करीब 10 बजे मनोज ड्यूटी चले गए। घर में पत्नी और बच्चे थे। शनिवार सुबह करीब छह बजे मनोज घर पहुंचे तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद था।

उनके खटखटाने पर बेटी सोनम ने दरवाजा खोला। मनोज कमरे में पहुंचे तो उनका बेटा सो रहा था। उसी कमरे में छत के पंखे पर पत्नी सुशीला का शव दुपट्टे के सहारे लटका था। मनोज के पूछने पर बेटा-बेटी कुछ बता नहीं पाए। फिर तो घर में कोहराम मचने लगा, जिससे आसपास के लोग जमा हो गए। इसकी सूचना देने देने पर बरखेड़ा इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मगर इसकी वजह परिवार वाले कुछ नहीं बता सके।

### नौगवां में महिला का शव फंदे से लटका मिला

सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया गांव में एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। यहां की रहने वाली गुड्डी देवी (45) पत्नी रामदास वर्मा का शव घर में ही दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। परिवार के लोगों ने कमरे में शव लटका देखा तो कमरे में कोहराम मच गया। सुनगढ़ी पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम के साथ पहुंचकर मौका मुआयना किया। इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि अभी तक किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।




**संपूर्ण समाधान दिवस** डीएम ने पूरनपुर और एडीएम वित्त ने अमरिया तहसील में सुनी शिकायतें, बाकी तहसीलों में एसडीएम रहे मौजूद

# पांचों तहसीलों में 78 शिकायतें आईं, केवल 15 निपटाईं

संवाददाता, पीलीभीत/ पूरनपुर



पूरनुपर में डीएम से अपनी मांग रखते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस हुआ। डीएम संजय कुमार ने पूरनपुर तहसील में शिकायतें सुनी, जबकि एडीएम वित्त ने अमरिया तहसील में फारियादियों की शिकायतें सुनी। अन्य तहसीलों में एसडीएम द्वारा शिकायतें सुनी गई। पांचों तहसीलों में 78 शिकायतें आईं। जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

पूरनपुर तहसील सभागार में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। हालांकि बरसात के चलते समाधान दिवस में आने वाल फारियादियों की संख्या कम रही। 23 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने डीएम से मिले। उन्होंने बताया कि तहसील का पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका है। उसके अचानक धराशायी होने पर वहां बैठने वाले अधिवक्ता और वादकारियों को नुकसान पहुंच सकता है। इस पर डीएम ने एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सक्सेना, महामंत्री संजय पांडे, उपाध्यक्ष शिवराम सनाढय रहे।

इधर, अमरिया तहसील में एडीएम वित्त ऋतु पूनिया की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां चार शिकायतें आईं। एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। एडीएम ने शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। सदर तहसील में एसडीएम देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस लगा। यहां 19 शिकायतें आईं। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कलीनगर तहसील में एसडीएम आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में लगे समाधान दिवस में 21 शिकायतें आईं। इसमें मात्र एक शिकायत का ही निस्तारण हो सका। बीसलपुर तहसील में एसडीएम महीपाल सिंह की अध्यक्षता में लगे समाधान दिवस में 11 शिकायतें आईं। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

### सीएमओ ने सीएचसी में जाना प्रसूताओं का हाल

**पूरनपुर।** सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा ने संपूर्ण समाधान दिवस के बाद पूरनपुर सीएचसी का निरीक्षण किया। सीएमओ ने डॉक्टर के चेंबर, प्रसव कक्ष, न्यू बोर्न यूनिट, दवा वितरण काउंटर देखा। महिला वार्ड में पहुंचकर प्रसूताओं से बातचीत कर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड और यहां रखे मेडिकल उपकरण व दवाएं देखीं। घायलों की सुविधा के लिए इमरजेंसी कक्ष में दो बेड बढ़ाने को कहा। कमरे में जगह न होने पर जरूरत के समय गैलरी में ही बेड डलवाने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. सौरभ गंगवार और सुशांत हलधर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खाद्य निरीक्षक पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**मोहम्मदी खीरी।** मोहल्ला भीतर निवासी हरी प्रकाश दीक्षित ने खाद्य निरीक्षक पर जबरन किराने का सामान और पचास हजार मांगने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। साथ ही एक आडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसमें पीड़ित परेशान होकर आत्महत्या कर लेने की बात कह रहा है। शिकायती पत्र में कहा है कि वह फेरी लगाकर सामान बेचता है और उसकी दुकान गांव बरैचा में स्थित है। खाद्य निरीक्षक ने उससे कई सारे सामानों की मांग की। हरी प्रकाश ने ऐसा नहीं किया तो वह उसे प्रताड़ित करने लगे। इससे वह मानसिक तनाव की स्थिति में है। एसडीएम से उन्होंने इंसाफ की गुहार लगाई है।

### पलिया में श्याम फाल्गुन महोत्सव आठ से

**पलिया कलां।** नगर में हर वर्ष मनाया जाने वाला त्रिदिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव इस बार 8 मार्च से मनाया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले सैकड़ों श्याम भक्तों द्वारा जहां रानी सती दादी मंदिर से खाटू श्याम मंदिर पलिया तक प्रथम दिवस फूलों की होली खेलते हुए भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, वहीं 9 मार्च को बाहर से बुलाए गए भजन गायकों द्वारा सायं से श्री श्याम कीर्तन का आयोजन होगा। जबकि 10 मार्च को छप्पन भोग के साथ श्री श्याम भोग भंडारा आयोजित होगा। आयोजक श्री श्याम मित्र मंडल पलिया द्वारा इस संदर्भ में बताया गया कि इस अवसर पर जहां बाबा का भव्य दरबार सजेगा वहीं अखंड ज्योति, इत्र फुहार, भजन वर्षा एवं 56 भोग श्री श्याम भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच, बालाजी मित्र मंडल, दादी परिवार, भोले की फौज एवं श्री श्याम महिला सेवा समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### एसओ मैलानी ने मतदान केंद्रों पर देखीं व्यवस्थाएं

**संसारपुर।** मैलानी प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने थाना क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव के दौरान बनने वाले बूथों की जानकारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर भी अपने हमराही सिपाहियों के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षाबलों के ठहरने के लिए सोबरन इंटर कॉलेज संसारपुर का भौतिक सत्यापन कर कालेज प्रबंधक से जरूरी बातचीत की। चौकी प्रभारी ने कस्बे के उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया जहां लोकसभा चुनाव के लिए चार बूथों पर लगभग पांच हजार मतदाता मतदान करेंगे। चौकी प्रभारी ने मतदान केंद्र पर बिजली, पानी, शौचालय के साथ मतदान कर्मियों के ठहरने के साथ तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। ग्राम पंचायत संसारपुर के मतदान केंद्र बूथ संख्या 286 प्राथमिक विद्यालय बेलहिया] बाजार में स्थित प्राथमिक विद्यालय संसारपुर द्वितीय बूथ संख्या 291 का निरीक्षण किया, जिसमें एकमात्र अतिरिक्त कक्ष में चुनाव सम्पन्न होना है, बूथ संख्या 291 के विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण मतदान केंद्र में केवल एक अतिरिक्त कक्ष है उसी में 1400 मतदाता मतदान करेंगे।

# बेमौसम बारिश : नालियां उफनाईं, सड़कों पर जलभराव ने बढ़ाई मुसीबत

## खेतों में गिरी फसल देख किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी, शनिवार को दिनभर होती रही रिमझिम बरसात के साथ बढ़ी सर्दी, जनजीवन अस्त व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शनिवार को तड़के से शुरू हुई बेमौसम बारिश दिनभर रुक-रुककर कभी तेज तो कभी धीमी होती रही, जिससे जहां एक बार फिर ठंड लौट आने का आभास हुआ, वहीं गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुहेल ने बताया कि मामूली बारिश से तो फसल हो ज्यादा नुकसान नहीं होगा, लेकिन यदि बारिश ज्यादा हुई अथवा ओलावृष्टि होने पर गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो जाएगी। मौसम विभाग की ओर से रविवार को भी बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। इससे किसानों की नींद उड़ गई है।

शुक्रवार शाम से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था। शनिवार सुबह आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते बारिश होने लगी। बारिश के बाद ठंडी हवाओं ने फिर से लोगों को सर्दी का एहसास करा दिया। बारिश होने से जन जीवन अस्त व्यस्त होने के साथ निचले इलाकों में जलभराव होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। इससे संकटा देवी रोड, मोहल्ला गुटैय्याबाग सहित कई इलाकों में बरसात का पानी भरने से राहगीरों को दिक्कत हुई। वहीं आसमान में बादल देखकर किसानों की नींद उड़ गई।

किसानों को खेत में खड़ी सरसों और गेहूं की फसल की चिंता सताने लगी। सरसों की फसल लगभग तैयार हो चुकी और गेहूं की फसल में भी बालियां आनी शुरू हो गईं हैं। किसानों को डर है कि यदि तेज बरसात के साथ हवाएं चलीं तो सरसों का फूल ही नहीं फसल तक गिर जाएगी। इससे इनका उत्पादन प्रभावित होगा। हालांकि शनिवार को हल्की बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। मगर, मौसम विभाग की ओर से रविवार को भी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर किसानों को डर सता रहा है कि यदि तेज बरसात हुई तो फसलों में नुकसान होना तय है।


संकटा देवी रोड पर भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार


मोहल्ला गुटैयाबाग में भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

### सर्दी से बचते नजर आए लोग

पिछले कुछ दिनों से काफी तेज धूप निकल रही थी। इससे दिन में लोग गर्म कपड़े पहनने से परहेज करने लगे थे। वहीं रात में भी रजाई के बजाय कंबल आदि प्रयोग कर रहे थे। मगर, शनिवार को बारिश के साथ चली हवाओं ने एक बार फिर लोगों को सर्दी का एहसास करा दिया। लोग गर्म कपड़े पहनकर घर से निकलने के लिए मजबूर हुए तो वहीं कुछ लोग घरों में ही दुबके रहे।


मित्र बिंद्रा फॉर्म निवासी आलू कृषक वीरेंद्र चंदेल कहते हैं कि बारिश की संभावना ने आलू कृषकों को चिंतित कर दिया है। यदि दो-तीन दिन तक ऐसे ही मौसम बना रहा और हल्की बारिश भी होती रही तो आलू में दाग लग जाएंगे और यदि खेतों में पानी भर गया तो आलू सड़ने लगेगा। इससे काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।


महरताला निवासी संजय सिंह कहते हैं कि जिन किसानों ने अभी गन्ने की बुवाई की है यदि उनके खेतों में पानी भर गया तो अखुवां सड़ने लगेंगे और बीज कम अंकुरित होंगे, जिससे उपज कम होगी। जिन्होंने गन्ने की बुवाई के लिए खेतों में पानी लगाकर पलेवा कर रखा है। उनके खेतों में गन्ने की बुवाई अधिक देर से होगी।


ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर तीन नरगढ़ी फॉर्म के किसान बलकार सिंह का कहना है कि बरसात से तिलहन की खेती पर बड़ा नुकसान हुआ है। मसूर, चना, सरसों, लाही, मटर, सब्जियां और गेहूं की फसलों पर नुकसान दिखाई दिया।


शेरपुर निवासी आशीष कुमार ने बताया कि उनकी एक एकड़ आम के बाग में बौर आया हुआ था, लेकिन बारिश ने पूरी तरह से फूलों को नुकसान पहुंचा दिया है। आम से जो उम्मीद थी उस पर भी पानी फिर गया है।


कोरैया निवासी सालिकराम ने कहा कि उनकी पांच बीघा गेहूं की फसल को चली हवाओं ने गिरा दिया है। गेहूं में पुष्पावस्था थी, लेकिन अचानक बारिश के साथ हवाओं ने फसलों को बर्बाद कर दिया है।


शेरपुर निवासी रितेश कुमार ने बताया कि दो एकड़ सरसों की फसल को बारिश के साथ चली हवाओं ने गिरा दिया है। जिससे काफी नुकसान हो गया है।

# मौसम के बदले मिजाज से किसान चिंतित

● सरसों की कटी फसल भीगी, तो गेंहू भी आड़े-तिरछे गिरे, किसान मायूस

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** शुक्रवार की रात से ही मौसम के बदलते मिजाज से हो रही बूंदाबांदी और हल्की वर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। उन्हें भय सता रहा है कि तेज बारिश हुई तो खेतों में कटी पड़ी लाही, सरसों की फसल नष्ट हो जाएगी। हवा चली तो फसलें गिर जाएंगी। ओलावृष्टि हुई तो रबी की फसल बर्बाद हो जाएगी।

शुक्रवार की रात से शुरू हुई वर्षा शनिवार को दिन भर रिमझिम होती रही। इससे रबी फसलों को नुकसान हो सकता है। हालांकि गन्ने की फसल को लाभ पहुंच रहा है। शनिवार को शादी बरातों की सहालग होने से कन्या पक्ष के लोगों की चिंताएं बढ़ गईं। गांवों में लगाए गए पांडाल और की गई बिजली की सजावट भी मौसम परिवर्तन के कारण लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

**बिझौली।** शनिवार को सुबह से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुककर देर रात तक जारी रहा। तेज हवा से गेहूं की फसल आड़ी-तिरछी गिर गई तो सरसों की कटी हुई खेतों में पड़ी फसलों में भी नुकसान हुआ है। इससे किसानों में मायूसी छा गई।

**रोशननगर।** क्षेत्र में रिमझिम बारिश से फसलों को नुकसान हो सकता है। इस समय अगेती सरसों की फसल पकी खेत में खड़ी हुई है। गेहूं, लाही गिरने के आसार बढ़ गए हैं। किसानों का मानना है कि अगर बारिश के साथ हवा चली तो फसलें गिर सकती हैं। साथ ही गन्ना बुआई के खेत स्वामी को दिक्कतें होगी।

**बग्घून।** क्षेत्र में शनिवार सुबह से बारिश होती। हवा के साथ बरसात हुई, जिससे किसानों को लाही, गेहूं, आलू आदि फसलों में नुकसान हुआ है। पप्पू दीक्षित ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में कई बरातें आनी हैं। इस रिमझिम वर्षा से शादी में भी विघ्न रहा। इस बरसात से किसानों का नुकसान हुआ और ठंड बढ़ी है। आलोक दीक्षित ने बताया कि गन्ना छिलाई में भी लेबरों द्वारा कार्यबाधित रहा।

**केशवापुर।** शनिवार सुबह से मौसम में आये अचानक बदलाव, बारिश से गेहूं, लाही, सरसों, मसूर, चना सहित नींबू, आम आदि फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। सरसों की फसलें पक रही थी, परन्तु बारिश के साथ तेज हवाओं ने सरसों को काफी हद तक नुकसान पहुंचा दिया है।

**मूड़ा सवारान।** तेज हवाओं के साथ बारिश किसानों के लिए मुसीबतें लेकर आई। बेमौसम बरसात से किसानों का नुकसान होना लाजमी है। खेतों में खड़ी गेहूं, मसूर, चना, मटर, लाही आदि फसलें बर्बाद होने को लेकर किसान चिंतित हैं।

**अलीगंज।** शनिवार को दिन भर बूंदाबांदी होने से पूरे कस्बे के रास्ते कीचड़ और फिसलन वाले हो गए। जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालकर रास्ते खराब कर दिए गए हैं। इससे फिसलन होने लगी है। कस्बे की बाजार में भी कीचड़ हो गया। इस बरसात से ठंडक हल्की वापस आ गई। बारिश से गन्ना की फसल को लाभ पहुंचा है।


बांकेगंज में पकी खडी सरसों की फसल।


बिझौली में खेतों में कटी पड़ी लाही।

# भाजपा ने टेनी और रेखा को तीसरी बार दिया टिकट

● खीरी लोकसभा क्षेत्र से अजय मिश्र टेनी, धौरहरा से रेखा वर्मा को मैदान में उतारा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने पुराने चेहरों पर भरोसा जताया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को फिर से टिकट दिया गया है। अजय मिश्र टेनी खीरी से और रेखा वर्मा धौरहरा से तीसरी बार चुनाव लड़ेंगी।

तिकोनिया कांड में अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाए जाने के बाद लोकसभा 2024 के चुनाव में उनके टिकट कटने के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, पार्टी ने एक बार फिर अजय मिश्र टेनी पर भरोसा जताते हुए इन कयासों पर विराम लगा दिया है।

> पार्टी हाईकमान ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सांसद रेखा वर्मा का टिकट फाइनल कर दिया है। क्षेत्र के समुचित विकास और सबकी समस्याओं के निस्तारण के कारण आम जनता की भी यही मांग है। लगातार तीसरी बार रिकार्ड मतों से दोनों सीटों पर भाजपा का परचम लहराएगा।
> **-अंबरीश सिंह,** प्रवक्ता- सांसद खीरी।

अजय मिश्र टेनी ने 2012 में निघासन सीट से विधानसभा चुनाव जीता था। 2014 में भाजपा नेतृत्व ने उन्हें लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा।

उन्होंने बसपा प्रत्याशी और दिवंगत विधायक अरविंद गिरि को शिकस्त दी थी। 2019 के चुनाव में टेनी ने सपा-बसपा गठबंधन की प्रत्याशी डॉ. पूर्वी वर्मा को पराजित किया। उधर, रेखा वर्मा ने 2014 में बसपा प्रत्याशी दाउद अहमद को पराजित किया। 2019 में पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा और उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशी अरशद सिद्दीकी को पराजित कर दिया। इससे खुश होकर उन्हें भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का ओहदा दिया गया।

# यूपी बोर्डः 1608 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

● संगीत गायन व वादन में भी गैर हाजिर रहे दो परीक्षार्थी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के तहत शनिवार को पहली पाली में हाईस्कूल के हेल्थ केयर, रिटेल ट्रेडिंग और इंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन और नृत्य कला विषय का पेपर हुआ। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी के पेपर में 37018 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 1608 अनुपस्थित रहे। वहीं संगीत गायन व वादन की परीक्षा में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

कंट्रोल रूम प्रभारी विनोद कुमार ने बताया हेल्थकेयर एवं रिटेल ट्रेडिंग के पेपर में छात्र-छात्राएं पंजीकृत न होने के कारण पहली पाली में सिर्फ इंटरमीडिएट के संगीत गायन, संगीत वादन विषय का पेपर हुआ। संगीत गायन में 66 और वादन में 53 छात्राएं पंजीकृत थी। संगीत गायन के पेपर में 64 छात्राएं उपस्थित और दो अनुपस्थित रही। जबकि संगीत वादन में पंजीकृत सभी 53 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई।

दूसरी पाली में हाईस्कूल में मोबाइल रिपेयरिंग और इंटरमीडिएट की अंग्रेजी की परीक्षा हुई। मोबाइल रिपेयरिंग में एक भी छात्र पंजीकृत न होने की वजह से सिर्फ अंग्रेजी की परीक्षा हुई। इसमें 37018 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 35410 ही परीक्षा में शामिल हुए और 1608 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
For the bright future of your child join



ADMISSION OPEN
Play Group to 10th

Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes

Transport Facility on all Existing Routes.

Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.


Raghuveer Singh Yadav
Director

Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

# अजमानी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभर में अवार्ड जीतकर बढ़ाया लखीमपुर का मान

लखीमपुर खीरी। राज्यपाल समेत अनेक सम्मानों से अलंकृत अजमानी पब्लिक स्कूल की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत कौर अजमानी ने अपने विद्यालय की अलग पहचान बनाई है। उनके कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने जिले, प्रदेश एवं देश में शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, प्रतियोगिताओं में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। प्रबंध निदेशक गुरजीत कौर अजमानी ने बताया गया कि 2003 में विद्यालय की स्थापना हुई और साल दर साल यह के मेधावी बच्चे कीर्तिमान स्थापित करते रहे, जिससे विद्यालय की जिले से लेकर देश स्तर तक अलग पहचान बनी। सत्र 2022-23 में विद्यालय की छात्रा कुमारी अनाद्या सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सत्र 2020-21 में विद्यालय के कक्षा 1 के छात्र अथर्व भल्ला, कक्षा 3 की छात्रा काव्या सिंह, कक्षा 4 के छात्र कौस्तुभ श्रीवास्तव और कक्षा 7 के छात्र देवांश शर्मा ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुनः विद्यालय को गौरवान्वित किया। बताया कि विद्यालय द्वारा सीबीएसई के मानकों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों का चतुष्कोणीय सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।


विशाल प्रदर्शनी में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, अवध क्षेत्र के प्रभारी कमलेश मिश्रा आदि।

### विद्यालय में ये हैं सुविधाएं

- एयर कंडीशनर कंप्यूटर लैब
- हाईटेक एवं वातानुकूलित ऑडीटोरियम
- हाईटेक लाइब्रेरी
- हाईटेक फिजिक्स, केमिस्ट्री और बॉयलोजी लैब
- पीजी से यूकेजी तक एयरकंडीशनर रूम मय एलईडी
- इंडोरगेम के लिए हाईटेक हॉल

### प्रतिभा का लोहा मनवाया

वर्ष - 2019 में विद्यालय को दूसरा स्थान, वर्ष - 2023 में छात्र प्रीतम कुमार कक्षा 8, प्रांजल कक्षा 2 ने छात्रा रिषिका अवस्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने मजबूत मानसिक स्तर का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### लगातार प्रदर्शन से परचम फहराया

सत्र 2019-20 में भी कक्षा 9 व 10 के छात्र-छात्राओं को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुन : बरेली मंडल में ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अपनी मातृभाषा हिंदी पर मजबूत पकड़ का उदाहरण देते हुए नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित "अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड प्रतियोगिता" में विद्यालय के छात्र-छात्राओं हिमांशु सिंह (कक्षा 9), शिव्यांशी पांडे (कक्षा 10) तथा आशी रस्तोगी (कक्षा 12) एवं वर्ष 2023 में, नियति गुप्ता (कक्षा 3), प्रवेश जौहरी (कक्षा 8), व पीयूष पांडेय (कक्षा 10) को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, तीन मूर्ति भवन सभागार, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली में "राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान" से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर इस उपलब्धि के लिए प्रबंध निदेशक गुरुजीत कौर अजमानी को भी हिंदी प्रेरक सम्मान एवं "हिन्दी उन्नायक सम्मान" से अलंकृत किया गया।



शिक्षा के क्षेत्र में अजमानी पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी को उत्तर प्रदेश में वीमेंस अवार्ड (आउट स्टैंडिंग इंटरपेटयोर ऑफ द ईयर 2021-2022) दिया गया।

Advt

## एक नजर

### ई-रिक्शा से युवक घायल रुपये लूटने का आरोप

**शाहजहांपुर।** दलेलगंज में ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। आरोप है कि ई-रिक्शा पर बैठे लोगों ने उसे मारा पीटा और उनकी जेब से 75 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने लूट की घटना से इंकार किया है। चौक कोतवाली के मोहल्ला मोहम्मद जई निवासी मोहम्मद तकी ने बताया कि गुरुवार की रात आठ बजे बाइक से किसी कार्य से रोजा जा रहा था। रामचंद्र मिशन के दलेलगंज में ई-रिक्शा ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर घायल के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए थे। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक ने अपने साथियों को बुला लिया और घायल के परिवार वालों के साथ मारपीट की। आरोपी ई-रिक्शा पर बैठकर भाग गए। परिवार का आरोप है कि मोहम्मद तकी की जेब से 75 हजार रुपये निकाल लिए। परिवार वालों ने थाने पर तहरीर दी और कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार एसपी से मिला और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। आरसी मिशन प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि रुपये लूटने की बात गलत है और मारपीट हुई थी। बताया कि जांच की जा रही है।

# अधिकारी बदले पर नहीं बदली मॉडल शौचालय की सूरत

## लाखों रुपये की धनराशि खर्च के बाद भी निर्माण अधूरा

**संवाददाता, मूड़ा सवारान**

- पांच वर्षों में प्लास्टर तक नहीं करा पाए जिम्मेदार


बिजुआ में अधूरा पड़ा मॉडल शौचालय।

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड बिजुआ में उच्च प्राथमिक विद्यालय में मॉडल शौचालय निर्माण के लिए ग्राम निधि द्वारा लाखों रुपये की धनराशि खर्च की गई। इसके बावजूद पांच साल बीतने के बाद भी शौचालय निर्माण अधूरा पड़ा है। विभागीय अफसर भी इसे लेकर अनजान बने हैं। इससे शासन की मंशा पर जिम्मेदार पानी फेरने का काम कर रहे हैं।

विकास खंड बिजुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजुआ में मॉडल शौचालय बनाने, साज-सज्जा के लिए ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपये की धनराशि खर्च की गई। इसके बाद भी शौचालय निर्माण कार्य पांच साल बाद भी आज तक आधा-अधूरा है। बीआरसी केंद्र के करीब स्थित इस मॉडल शौचालय पर बीआरसी केंद्र में आने वाले अधिकारियों की प्रतिदिन ही नजर पड़ती है, लेकिन उदासीनता और लापरवाही के कारण पांच वर्षों तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इस ओर देखा तक नहीं। विगत पांच वर्षों में कई अधिकारी आए और गए लेकिन अधूरे मॉडल शौचालय के बारे में किसी ने नहीं सोचा। इस कारण आज तक यह मॉडल शौचालय जैसे का तैसा ही बना खड़ा है। ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह राणा ने बताया कि यह मॉडल शौचालय पूर्व सचिव के कार्यकाल में बनाया गया था। अधिकारियों द्वारा इस मॉडल शौचालय को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं शीघ्र ही मॉडल शौचालय को पूर्ण कराया जाएगा।

> यह मॉडल शौचालय किस वित्तीय वर्ष में बना, उस समय इसमें क्या लागत आई, यह मॉडल शौचालय अधूरा क्यों रह गया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। जानकारी कर अपूर्ण शौचालय को पूर्ण कराया जाएगा। **-महावीर सिंह**, खंड विकास अधिकारी बिजुआ।

### सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिल में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। यह हादसा सदर बाजार और अल्हागंज क्षेत्र में हुआ है। सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला बाड़ूजई द्वितीय निवासी महेंद्र पाल(48) शुक्रवार को फैक्ट्री इस्टेट में रिश्तेदार के यहां गए थे। वह रात साढ़े आठ बजे पैदल घर आ रहे थे। इमली रोड पर अज्ञात वाहन ने महेंद्र पाल को टक्कर मार दी थी। पुलिस तथा परिवार वाले मौके पर पहुंचे। परिवार वाले घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शादी नहीं हुई थी।

**अल्हागंज।** हरदोई के थाना पाली के गांव मुढेर निवासी योगेंद्र(30) रिश्तेदार के साथ शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे तिलक समारोह में बाइक से फर्रुखाबाद जा रहे थे। रामगंगा पुल पर अचानक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दोनों लोग घायल हो गए थे। घायल योगेंद्र को प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चौकीदार को बंधक बना काट ले गए चंदन का पेड़

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- दो साल पहले बीपीएस पब्लिक स्कूल में हुई थी वारदात
- कोर्ट के आदेश पर तीन अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**अमृत विचारः** दो साल पहले शहर के मोहल्ला हाथीपुर स्थित बीपीएस पब्लिक स्कूल के चौकीदार को बंधक बनाकर चंदन के पेड़ काटे जाने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला हाथीपुर निवासी अजय जायसवाल ने बताया कि वह बीपीएस पब्लिक स्कूल के केयर टेकर हैं। स्कूल परिसर में बने आवास में परिवार सहित रहते हैं। घटना 29 जनवरी 2022 की है। आधी रात में कुछ अज्ञात लोग स्कूल परिसर में घुस आए और चौकीदार अजय कुमार शुक्ला को बांधकर बाथरूम के पास डाल दिया और तीस साल पुराना चंदन का पेड़ काट लिया। आहट होने पर उन्होंने दरवाजा खोलकर बाहर देखा तो तीन व्यक्ति पेड़ को ले जाते हुए दिखाई दिए। उन्होंने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौकीदार को ढूंढा तो चौकीदार स्कूल में स्थित बाथरूम के पास बंधा हुआ मिला। पुलिस ने उसे बंधनमुक्त कराया। सुरक्षा गार्ड का मोबाइल भी छीन लिया। उन्होंने घटना की तहरीर कोतवाली सदर पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके पूर्व 03 अक्टूबर 2020 को भी चंदन का पेड़ काट ले गए थे, जिसकी भी रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### दिव्यांगों को दिए सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग


दिव्यांगों का सम्मान करतीं सांसद।

**मोहम्मदी खीरी, अमृत विचारः** ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सांसद रेखा वर्मा ने दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किये। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग 16, ट्राइसाइकिल 20, वैशाखी एक, एक कान की मशीन प्रदान की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई, अश्विनी कुमार सिंह, रामकिशोर मिश्रा, पंकज मिश्रा, अतुल बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# रिमझिम वर्षा में भीगते पहुंचे परीक्षार्थी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की हो रही परीक्षाओं में शनिवार को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट का अंग्रेजी का पेपर हुआ। परीक्षार्थियों को रिमझिम वर्षा में भीगते हुए परीक्षा केंद्र पहुंचना पड़ा। हालांकि पेपर देकर निकले विद्यार्थियों के चेहरों पर रौनक थी, जिन्होंने बताया कि अंग्रेजी का पेपर आसान रहा।

अंग्रेजी का पेपर शुरू होने से एक घंटे पहले से ही नगर के सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज, लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज और श्रीगुरुनानक कन्या इंटर कालेज के बाहर परीक्षा देने आये परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गयी। परीक्षा केंद्रों के गेट खुलने के बाद परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, रेजिस्ट्रेशन चेक कर उनकी तलाशी लेने के उपरांत ही उनको अन्दर जाने दिया गया। पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कुछ प्रश्न उलझाऊ लगे जिनको हल करने में काफी समय लगा। जबकि कुछ ने कहा कि पेपर सरल था।

## परीक्षार्थियों ने कहा आल इज वेल


सरस्वती विद्या निकेतन में इंटर की परीक्षा दे रही काजल शुक्ला ने बताया कि अंग्रेजी के पेपर में शुरू से अंत तक के पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी समझ से बिलकुल सटीक दिए हैं। 95 प्लस मार्क्स आने की पूरी उम्मीद है।


लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज में ग्राम नौसर गुलरिया के कक्षा बारह की अंग्रेजी की परीक्षा देकर निकले विद्यार्थी आलोक पाठक ने बताया कि कुल मिलाकर पेपर अच्छा हुआ है। निबंध और अनुवाद कुछ कठिन लगे।


खुटार से गोला के गांधी स्मारक विद्यालय में पेपर देने आये प्रखर मिश्रा ने बताया कि अंग्रेजी के पेपर में जो प्रश्न पूछे गए थे उनमें से अधिकांश उनके विषयाध्यापक ने रिवीजन में करवाए थे, जिससे पेपर सॉल्व करने में बहुत मदद मिली। व्याकरण कुछ टफ लगी। तैयारी होने से पेपर अच्छा हुआ है।


गांधी विद्यालय में इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे मैलानी निवासी सरस्वती विद्या निकेतन के विद्यार्थी प्रशून शर्मा ने बताया कि अब तक हुए तीनों पेपर बहुत अच्छे हुए हैं। नंबर अच्छे ही मिलेंगे। अंग्रेजी की तैयारी के लिए उसके शिक्षक का अच्छा मार्गदर्शन मिला, जिससे पेपर अच्छा हुआ।

- परीक्षार्थी बोले अंग्रेजी का पेपर आया आसान, मिलेंगे अच्छे अंक

# अयोध्या रवाना हुए हजारा के भाजपा कार्यकर्ता


अयोध्या रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संपूर्णानगर**

**अमृत विचार :** हजारा ट्रांस शारदा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दल भगवान श्रीराम के दर्शन करने दो बसों से शनिवार को अयोध्या रवाना हुआ।

हजारा पीलीभीत के रामनगर मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि उनके नेतृत्व में शनिवार को क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं को दो बसों में बैठाकर प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के लिए रवाना किया गया। सभी कार्यकर्ता भजन-कीर्तन करते हुए जा रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा दल में रामनगर मंडल महामंत्री विजय सिंह, रोहित मिश्रा, कबीरगंज साधन समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार, बीडीसी महेश कश्यप, संतोष जायसवाल, विनोद कुमार, घनश्याम चौहान, नितिन कुमार, रणवीर ढाका, बबलू गुप्ता, रामदेवी, नीरज मिश्रा, अजीत सिंह, सतीश मद्धेशिया, नंदू सैनी आदि तीर्थयात्रियों के बसों की रवानगी के समय मौजूद रहे।

# आकांक्षा पेटी के जरिए जनता के सुझाव लेकर भाजपा जारी करेगी घोषणा पत्र

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**


जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता करते जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह।

- प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी
- आंकाक्षा पेटी में जिलेवासी डाल सकते हैं अपने सुझाव

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने शनिवार को जिला पंचायत सभागार में प्रेसवार्ता की। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी कार्यालय सहित जिले भर में आकांक्षा पेटी रखी जाएंगी। इसमें कोई भी व्यक्ति जनसमस्याओं से लेकर विकास संबंधी अपने सुझाव लिखकर डाल सकता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि लोगों के सुझाव के आधार पर ही घोषणा पत्र जारी होगा।

जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 500 सालों का सपना अयोध्या में रामलला का मंदिर बनवाकर पूरा किया। मंदिर बनने से पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है। भाजपा की ताकत पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है। इस बार एनडीए की सीटें 400 के पार होंगी। महिला मोर्चा की ओर से आधी आबादी का ख्याल रखने के लिए नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम किए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निदान कराया जाएगा। आने वाले 25 साल में भारत हर क्षेत्र में इतना विकसित और मजबूत होगा कि कोई विदेशी देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 65 साल की सरकारों में देश को जुमलेबाजी में रखकर जनता को भ्रमित किया गया, लेकिन भाजपा के लोग जनता के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का निराकर करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच मार्च को शहर में महिला मोर्चा की स्कूटी रैली निकलेगी। छह मार्च को सभी मंडलों पर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। इस दौरान कुलभूषण सिंह, संतोष कुमारी, ब्रजेश सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा, उमेश शुक्ला, मिथलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में विद्यार्थी, आवासीय शिक्षक पुरस्कृत



अध्यापकों और बच्चों को पुरस्कृत करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संसारपुर**

- ब्लॉक संसाधान केंद्र बांकेगंज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचारः** ब्लाक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के मेधावी छात्रों, आवासीय शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।

ब्लाक संसाधन केंद्र बांकेगंज पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बाल वाटिका, कक्षा 1, 2, 3 के सभी न्याय पंचायतों से 5-5 निपुण बच्चों को बुलाया गया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी जितेंद्र यादव ने प्रत्येक संकुल से पांच सर्वश्रेष्ठ बच्चों, रेजीडेंस के लोकेटेड अध्यापकों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत आरिफ खान, एडीओ आईएसबी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुभाष सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, एआरपी वीरेंद्र कुमार, अनूप पांडे, सरजीत सिंह, अरविंद मिश्रा, मुकेश वर्मा, सहायक लेखाकार दिनेश कुमार शर्मा, एमआईएस पंकज वर्मा, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# अपराधियों पर करें निरोधात्मक कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**


तृतीय एसएसबी के सभाकक्ष में समीक्षा करते एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर।

- शनिवार को लखीमपुर पहुंचे एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर
- जिले का भ्रमण कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**अमृत विचारः** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एडीजी लखनऊ जोन अमरेन्द्र कुमार सेंगर शनिवार को खीरी पहुंचे। उन्होंने जिले का भ्रमण किया और तृतीय एसएसबी बटालियन के सभाकक्ष में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। एडीजी ने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें।

तृतीय वाहिनी एसएसबी लखीमपुर के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर कार्रवाई सुनिश्चित कराने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कराने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराने, शस्त्र जमा कराने, गंभीर अपराधों में जमानत पर बाहर आए अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई कराने के लिए निर्देश दिए। बूथों का भौतिक निरीक्षण करके बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। चुनाव के दौरान कलस्टर मोबाइल, पिकेट ड्यूटी, बैरियर ड्यूटी, बूथ ड्यूटी सहित सभी ड्युटियों में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्धारित साफ-सुथरी वर्दी धारण करने व ड्यूटी के दौरान नागरिकों से शालीन एवं मृदुभाषी व्यवहार करने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहों का खंडन करने के निर्देश दिए। नेपाल से लगे होने के कारण सीमा पर एसएसबी से समन्वय स्थापित करके विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। एडीजी ने सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल व लखनऊ पब्लिक स्कूल का भ्रमण करके केंद्रीय सुरक्षा बलों व पीएसी के रुकने के दृष्टिगत भौतिक मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। गोष्ठी में एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी नैपाल सिंह पश्चिमी समेत सभी सीओ मौजूद रहे।

### चूहे मार दवा खिला मारने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** दहेज में बाइक व एक लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने बहू को चूहे मार दवा देकर मार डालने का प्रयास किया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला बाड़ूजई निवासी शबनम ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले वाजिद अली निवासी तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन के साथ हुई थी। कुछ माह तक सब ठीक रहा। उसके बाद पति आए दिन मारपीट करने लगा और तलाक देने को बोलने लगा। उसे रुपये भी नहीं देते थे। वह अपना और बच्चों का खर्चा पलंग बनाकर चलाती है। आरोप है कि 25 फरवरी को पति ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि पति ने उसे जबरन चूहे मार दवा धोखे से खिला दी थी। तबीयत खराब होने पर उसके बच्चों ने नानी को फोन किया। मां व बहन ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वह एसपी के पास शिकायत लेकर पहुंची। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हाईमास्ट लगने से रात में जगमगाएगी पीएचसी



कुंभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लोकार्पण करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बग्घून**

**अमृत विचारः** बलरामपुर फाउंडेशन की गुलरिया चीनी मिल द्वारा पीएचसी कुंभी का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण कराकर हाईमास्ट लाइट लगवाई गई, जिसका लोकार्पण विधायक अमन गिरि ने किया।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने अस्पताल की सूरत बदलने के लिये बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा किए गए सामाजिक कार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि कुंभी चीनी मिल के इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि बलरामपुर ग्रुप की कुंभी और गुलरिया चीनी मिल इस बार किसानों को एक हजार दो सौ करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। लोकार्पण समारोह में गुलरिया चीनी मिल के इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह, एचआर कुंभी चीनी मिल सर्वेश मिश्रा, गुलरिया चीनी मिल के अधिकारी संतोष सिंह, सच्चिदानंद शुक्ला, आत्मानंद शुक्ला, संजय सिंह, अरविंद सिंह, इंद्रजीत सिंह लाडी, सुचित सिंह, जुबैर खान, जयसिंह, संदीप सिंह, हैप्पी सिंह, पपिल कुमार, जसविंदर सिंह, राजेश, राममूर्ति यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जिले को मिले आठ अन्नपूर्णा भवन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**


लोकार्पण के मौके पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को जिले के आठ अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर की दुकानों) का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसको लेकर सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मिदनिया गढ़ी में कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सदर ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, खीरी सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी व बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अवधेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत सहित आपूर्ति, ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, ब्लॉक मोहम्मदी की ग्राम पंचायत बलमिया बडखर में सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बीडीओ व पूर्ति निरीक्षक की मौजूदगी में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण कर राशन वितरण की शुरुआत की। ब्लॉक कुंभी की ग्राम पंचायत अल्लीपुर में विधायक प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा एवं ब्लाक प्रमुख और रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत में विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने बीडियो डॉ. सुशांत सिंह के साथ लोकार्पण किया। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बॉकेगंज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर, बेहजम की ग्राम पंचायत बहादुरपुर, पसगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत पसगवां, निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में अन्नपूर्णा भवन लोकार्पण कार्यक्रम हुआ।

### हिस्ट्रीशीटर ने घर में घुसकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी निधि वर्मा ने बताया कि राजाराम के मकान में किराए पर परिवार के साथ रहती है। उसकी शादी सिंधौली के सकुलिया निवासी आदित्य कुमार से हुई थी। पति से अनबन होने के कारण अपने मायके महमंद जलालनगर में रह रही है। प्रमोद कुमार अंगुरिया निवासी नवादा इंदेपुर चौक कोतवाली भी उसी मकान में किराए पर रहता था। वर्ष 2022 में मारपीट के मामले में उसने आरोपी प्रमोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी किसी दूसरे मुकदमें में जेल चला गया था। आरोप है कि प्रमोद जेल से छूटने के बाद 29 फरवरी की शाम साढ़े छह बजे उसके घर पर तमंचा लेकर आया। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। पुरानी रंजिश को लेकर उसे गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी घर में घुस आया और महिला के भाई विकास को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया।

# सरकारी डेयरी न होने से नहीं मिल रहा दूध का सही दाम

**संवाददाता, बिलहरी**

- मालामाल हो रहे डेयरी मालिक, कंगाल होते जा रहे पशु पालक

**अमृत विचारः** गांव, क्षेत्रों में लगी डेयरी पर औने पौने दामों पर खरीद कर दूध की पैकिंग कर 65 रुपये प्रति लीटर दूध बेचा जा रहा है, इससे डेयरी मालिक तो मालामाल हो रहे हैं, लेकिन पशु पालक कंगाल होते जा रहे हैं।

जिले में 20 से 25 प्रतिशत किसान वर्तमान में दूध का कारोबार कर रहे हैं। जो गाय, भैंस का दूध निकालकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निकटवर्ती क्षेत्रों में लगी डेरियों पर औने पौने दामों पर दूध बेच रहे हैं। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम बांसगांव में दूध की दो डेयरी हैं। इन डेयरियों पर गाय का शुद्ध दूध 28 से 30 रुपये प्रति लीटर, भैंस का दूध 32 से 35 रुपये प्रति लीटर खरीदा जा रहा है। लोगों का कहना है कि उनसे कम दामों में डेयरी मालिक दूध की खरीदारी कर डेयरी पर ही पैकिंग कर 60 से 65 रुपये प्रति लीटर के रेट में बाजारों में बेच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है सरकार उनसे यदि सीधे दूध खरीद करे तो लोगों को अच्छा फायदा होगा और पशु पालकों के समय और श्रम की भी बचत होगी।


डेयरी मालिक कम पैसों मे दूध लेकर पैकिंग करने के बाद मार्केट में ज्यादा दामों से बेच रहे हैं, जिससे पशु पालकों को काफी नुकसान हो रहा है और व्यापारी मालामाल हो रहे हैं। **-रोहित कुमार**, निवासी कपरहां।


डेयरी मालिक यदि सीधे दूध खरीदे तो लोगों की दौड़ भाग कम हो जायेगी। दूध डेयरी पर देने के लिये लगभग दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। **-आशीष शुक्ला**, निवासी शेरपुर।


सड़क के किनारे प्रमुख कस्बों में शासन स्तर से डेयरी खुलवाकर दूध खरीदने की व्यवस्था की जाए तो पशु पालकों को लाभ होगा। बिचौलियों के चक्कर में लोगों को काफी नुकसान हो रहा है। जानवरों का दाना-पानी भी मंहगा है, इससे लागत ज्यादा आ रही है। **-राजेश वर्मा**, निवासी देवरिया।


प्रतिदिन अपने पशुओं से लगभग 50 लीटर दूध निकालते हैं। गांव से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर डेयरी है। जहां जाकर दूध बेचना पड़ रहा है। ऐसे में दाम कम मिलने से बाइक में पेट्रोल का खर्चा भी बहुत आ जाता है। **-लल्ला अवस्थी**, निवासी कोटखेरबा।

